राज्यपाल सचिवालय

राज भवन जयपुर

राज्यपाल के सचिव पद पर डॉ. पृथ्वी ने पदभार संभाला

जयपुर, 20 अगस्त। राज्यपाल के सचिव पद पर मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ.पृथ्वी ने पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने राज्यपाल सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से अनौपचारिक संवाद किया। उन्होंने सभी से प्रतिबद्धता और समर्पण भाव से कार्य करने का आहवान किया है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. पृथ्वी भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी हैं। अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर और बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड सर्जरी (एमबीबीएस) की शिक्षा प्राप्त डॉ. पृथ्वी ने जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी यूएसए से स्वास्थ्य अर्थशास्त्र, स्वास्थ्य नेतृत्व और प्रबंधन में मास्टर्स किया है। वह सार्वजनिक नीति और वरिष्ठ प्रबंधन के विशेषज्ञ हैं। बीकानेर, पाली, प्रतापगढ़ के वह जिला कलक्टर रहे हैं तथा राज्य सरकार में वित्त, जल संसाधन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि आदि महत्वपूर्ण विभागों में शासन सचिव पद पर रहते हुए उन्होंने विशिष्ट नवाचार करते हुए महती प्रशासनिक सेवाएं दी है।